
# "तरंग"

## राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक रिपोर्ट

# 2023-24

## राष्ट्रीय सेवा योजना

# वैश्य महाविद्यालय भिवानी






वैश्य महाविद्यालय भिवानी का शुभारम्भ सन् 1944 में छोटी काशी नगरी की ऐतिहासिक यात्रा में एक विस्मरणीय कदम है। यह महाविद्यालय निरन्तर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रकोष्ठो के माध्यम से प्रयत्नशील है ।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारतीय सरकार द्वारा 1969 में महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग ओर सक्रिय बनाना है। यह योजना न केवल छात्रों के व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देती है, बल्कि उनमें समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना और 'मैं नहीं आप' की सेवा भावना को भी जागृत करती है।

एनएसएस का मूल दर्शन यह है कि शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा की जा सकती है और समाज सेवा के माध्यम से शिक्षा। इस प्रकार यह योजना छात्रों को अपनी अकादमिक पढ़ाई के साथ–साथ समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान में भागीदारी करने का मौका देती है। इससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान के साथ–साथ समाज के प्रति एक सशक्त रूख अपनाने में मदद मिलती है।

एनएसएस के तहत, विद्यार्थी विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लेते हैं जैसे कि स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, शैक्षिक ट्यूटोरियल्स, रक्तदान शिविर, और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम। ये गतिविधियाँ उन्हें सीधे तौर पर समाज से जोड़ती हैं और समाज की बेहतरी के लिए काम करने का मूल्यवान अनुभव प्रदान करती हैं।

इसके अलावा, एनएसएस विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और समस्या सुलझाने की क्षमताओं को विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। एनएसएस में सक्रिय भागीदारी उन्हें न केवल अकादमिक रूप में, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी परिपक्व बनाती है।

| | | |
|---|---|---|
| मुख्य सरंक्षक | : | श्री अजय गुप्ता, प्रधान, प्रबन्धकारिणी |
| | | डॉ. पवन बुवानीवाला, उप प्रधान, प्रबन्धकारिणी |
| | | डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता, महासचिव, प्रबन्धकारिणी |
| | | श्री बृजलाल सर्राफ, कोषाध्यक्ष, प्रबन्धकारिणी |
| संरक्षक | : | डॉ. संजय कुमार गोयल, प्राचार्य |
| कार्यक्रम अधिकारी | : | डॉ. कामना कौशिक, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी |
| | | डॉ. आशा रानी, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी |
| राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रतिनिधि | : | छवि, ललिता |

02 जुलाई 2023

स्व० श्रीमती दर्शना गुप्ता की स्मृति में कैंसर रोगियों की सहायतार्थ एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन





26 जुलाई 2023

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को श्रद्धाजंलि देते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु लगभग 150 पौधे लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।





28 जुलाई 2023

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त धरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।





**11 अगस्त 2023**

मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत इकाई एक द्वारा शहीदों को नमन करते हुए 1983 में शहीद हुए सीआईएसएफ के सब इन्सपेक्टर वेद तिवारी की सुपुत्री मधुगौतम एव कोमल को सम्मानित करते हुए 30 पौधे लगाए गए व इकाई दो द्वारा नेहरू युवा केन्द्र के साथ मिलकर नेहरू पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन ।









**14 अगस्त 2023**

हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकीकरण का संदेश देश भक्ति के नारों से दिया गया।





**17 अगस्त 2023**

नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।





**25 अगस्त 2023**


पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रोहतक रेंज के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।



25 अगस्त से 29 अगस्त 2023 भारत सरकार द्वारा आयोजित ऑनलाईन राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता में सभी स्वंयसेवकों ने भाग लेकर रिकार्ड बनाया ।

**04 सितम्बर 2023**

नशा मुक्ति, पर्यावरण, प्लास्टिक हटाओ आदि गंभीर विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन








**05 सितम्बर 2023**

नशा मुक्ति, ड्रग्स एब्यूज, पर्यावरण सुरक्षा एवं प्लास्टिक मुक्त भारत आदि ज्वलंत मुद्दों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया





**11 सितम्बर 2023**

विशाल रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 186 यूनिट एकत्रित की गई एवं 325 का रजिस्ट्रेशन हुआ ।



**12 सितम्बर 2023**

नशा मुक्ति अभियान के तहत साइक्लोथोन यात्रा का स्वागत करते हुए राधास्वामी सत्संग दिनोद नजदीक नया बस स्टैंड पर स्वयंसेवकों ने सक्रिय प्रतिभागिता के द्वारा अपना सहयोग दिया ।






20 सितम्बर 2023

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन स्वयंसेविकाओं ने राज्य स्तरीय प्री.आर.डी. कैम्प के ट्रायल में भाग लिया जिसमें ललिता का प्री.आर.डी. कैम्प के लिए चयन हुआ ।



21 सितम्बर 2023

नशा मुक्ति पैदल यात्रा व बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर से घण्टाघर तक किया गया व स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई ।







22 सितम्बर 2023

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित ओरयंटेशन कार्यक्रम में इकाई एक की छवि, हिमांशु व गौतम तथा इकाई दो से ओमप्रकाश व ललिता सिंह को बेस्ट वालंटियर के रूप में पुरस्कृत किया गया ।






23 सितम्बर 2023

स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत स्वयंसेवकों द्वारा कागज़ के लिफाफे बनाए गए एवं दुकानदारों को कागज़ के लिफाफे वितरित कर प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान में सहयोग देने की अपील की।



**24 सितम्बर 2023**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार समारोह में सामाजिक -आर्थिक सर्वे में सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिए प्राचार्य को सम्मानित किया गया एवं स्वयंसेविका संजना को सत्र 2020-2021 का राज्य स्तरीय सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं 21000 रूपये की राशि से पुरस्कृत किया गया ।







**25 सितम्बर से 1 अक्तूबर 2023**

सात दिवसीय शिविर ''स्वच्छता ही सेवा'' का आयोजन किया गया जिसमें सार्वजनिक स्थानों यथा बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, नागरिक अस्पताल, हनुमान ढ़ाणी, लाल लाजपत राय चौक, हुड्डा पार्क, चिड़ियाघर आदि स्थानों पर स्वच्छता एवं पौधारोपण किया गया ।









**28 सितम्बर 2023**

भगत सिंह जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**30 सितम्बर 2023**

महात्मा गांधी जयंती से पूर्व एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की साफ सफाई की गई और स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया ।






**2 अक्तूबर 2023**

स्वर्गीय श्रीमती दर्शना गुप्ता की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में 150 यूनिट एकत्रित की गईं । प्रकृति संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया एवं अतिथियों द्वारा साइबर क्राइम की रोकथाम का सशक्त हथियार जन जागरूकता विषय पर संपादित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। सम्पादिका डॉ. कामना कौशिक एवं सह सम्पादक डॉ. कृष्ण कुमार द्वारा पुस्तक के संपादन का कार्य किया गया ।






**9 अक्तूबर 2023**

''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्राः और एक मुट्ठी चावल अभियान का आयोजन किया गया । जिससे एकत्रित 40 किलोग्राम चावल बाल सेवा आश्रम में जरूरतमंद बच्चों के लिए दिया गया।





**12 अक्तूबर 2023**

एक दिवसीय शिविर में मेरी माटी मेरा देश के अर्न्तगत क्लश यात्रा निकाली गई और ''पंच प्रण प्रतिज्ञा'' की शपथ दिलाई व पौधे लगाये ।





**15 अक्तूबर 2023**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य पर विस्तृत व्याख्यान आयोजित किया गया।




20 अक्तूबर 2023

## स्वयंसेवकों द्वारा विशेष अभियान 3.0 स्वच्छता के अन्तर्गत कॉलेज कैम्पस के बाहर लाला लाजपत राय चौक की सफाई की गई




24 अक्तूबर 2023

## विशेष अभियान 3.0 स्वच्छता के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल भिवानी एवं हनुमान बस्ती में घर–घर जाकर पानी की टंकी में पौटाशियम परमैग्नट डालकर शुद्ध जल के प्रयोग पर बल दिया ।




25 अक्तूबर 2023

## खादी फॉर फैशन खादी फॉर नेशन विषय पर पी पी टी प्रतियोगिता का आयोजन तथा निबन्ध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।










31 अक्तूबर
2023

सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राष्ट्रीय
एकता दिवस मनाया गया तथा रैली का आयोजन भी किया गया ।






4 नवम्बर
2023

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई ।



5 नवम्बर
2023

पूर्व मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्त की जयंती के उपलक्ष्य पर 'एक कदम आत्मनिर्भरता की ओर' विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया एवं इस अवसर पर 106 पौधे वितरित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।






9 नवम्बर
2023

स्वयंसेविका ललिता का उत्तर क्षेत्रीय पूर्व गणतन्त्र दिवस परेड शिविर में भागीदारी पर
सम्मान समारोह का आयोजन



**25 नवम्बर 2023**

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर ''संविधान शपथ एवं जेंडर सेंसिटाईजेशन'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं श्री रुपेश वत्स प्रतिष्ठित अधिवक्ता द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिया गया ।






**01 दिसम्बर 2023**

एड्स दिवस पर एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत ''एड्स जागरूकता'' विषय पर रंगोली एवं फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं स्वयंसेवकों ने निजी कोष से विभिन्न खाद्य पदार्थ एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण बाल सेवा आश्रम एवं आस्था स्पेशल स्कूल में किया ।




1 दिसम्बर से 4 दिसम्बर 2023 के मध्य माई भारत पोर्टल पर कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने अपना ऑनलाईन पंजीकरण किया ।

**9 दिसम्बर 2023**

''कैशलेस भारतः एक आर्थिक क्रांति'' विषय पर ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।




**25 जनवरी 2024**

मतदाता दिवस पर नव मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई।



7 फरवरी 2024

‘‘वैश्वीकरण का संस्कृति, समाज और अर्थव्यवस्था पर प्रभाव’’ विषय पर अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया ।









8 फरवरी 2024

स्वयंसेवकों में भविष्य दृष्टि को जगाने के लिए स्टार्टअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया




10 फरवरी 2024

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय प्रेमनगर में आयोजित उद्यमशीलता प्रतियोगिता में रामजीत एवं अमन ने द्वितीय स्थान तथा ललिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।



15 फरवरी 2024

”खेती के जानवर और हम‘‘ विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में फेडरेशन ऑफ इंडियन एनिमल प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन की समन्वयक जागृति कौशिक ने ‘‘पशुओं, जीव–जंतुओं, पर्यावरण संरक्षण एवं मनुष्य की सेहत’’ विषय पर विस्तार व्याख्यानं प्रस्तुत किया ।





17 फरवरी, 2024 राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव पर आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में संस्कृति ने प्रथम एवं छवि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

# 20 फरवरी से 26 फरवरी 2024 तक इकाई दो द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन बाबा जहरगिरी आश्रम में किया गया।









शिविर का शुभांरम्भ चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राज कुमार मित्तल व वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री शिवरतन गुप्ता द्वारा किया गया। प्रो. राज कुमार मित्तल ने स्वयंसेवको को मानवीय गुणों की महत्ता के साथ पंचप्राण सिद्धांत के महत्व के बारे में बताया, वहीं श्री शिवरतन गुप्ता ने स्वयंसेवको को रोजगार के पीछे भागने की अपेक्षा रोजगार पैदा करने वाले बनने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र में रेडक्रॉस सोसायटी से श्री विकास द्वारा प्रथम उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन उपभोक्ता अदालत पानीपत में न्यायाधीश श्रीमती रेखा चौधरी ने स्वयंसेवको को उपभोक्ताओं के अधिकारो के प्रति जागरूक किया व अपने निजि अनुभव के द्वारा मानसिक संतुलन व धैर्य रखने के महत्व पर बल दिया। दूसरे सत्र में चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. कोंडीनेटर डॉ0 सुरेश मलिक ने एन.एस.एस. घ्येय वाक्य "नॉट मीं बट यू" के बारे में विस्तार से समझाया व स्वयंसेवको का जीवन मानव सेवा पर आधारित होना चाहिए। तींसरे दिन स्वयंसेवको ने मन्दिर परिसर, गौशाला व अन्य स्थानो की सफाई की तथा स्लोगन लेखन, पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।






चौथे दिन वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री अजय गुप्ता जीं ने स्वयंसेवको को बताया कि हमें हमेशा खुश रहना चाहिए, तनाव मुक्त रहना चाहिए तथा सच्ची लग्न व मेहनत से कार्य करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैलीं को हरीं झंडी दिखाकर रवाना किया। दूसरे सत्र में डॉ0 नरेन्द्र चाहर ने युवाओं को सामाजिक, राजनितिक व आर्थिक रूप से सजग रहने के लिए प्रेरित किया। पांचवे दिन का उद्देश्य "स्वस्थ भारत मस्त भारत" रहा। इस दिन योगाचार्य श्री सन्दीप कुमार ने स्वयंसेवको को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। दूसरे सत्र में खेल–कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई व महंत परम श्रद्धेय डॉ0 अशोक गिरी जी महाराज ने नैतिक मूल्यों पर बल देते हुए सुन्दर जीवन जींने की कला के बारे में विस्तार से चर्चा कीं। छठे दिन डॉ0 अशोक गिरी जी के सान्निध्य में वृक्षारोपण किया गया व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विशेष शिविर के समापन अवसर पर श्री भवानी प्रताप सिंह ने स्वयंसेवको को बताया कि सामाजिक कार्यो का निर्वहन कर एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए और लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। चौ0 बंसीलाल विष्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ0 पवन गुप्ता ने युवाओं को परीक्षा के दिनों में मोबाईल से दूर रहने व तनाव मुक्त रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आशा रानी ने शिविर में आयोजित सभी क्रियाकलापो की रिर्पोट प्रस्तुत की। शिविर के सभी स्वयंसेवको को प्रमाण–पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।







# 27 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक इकाई एक द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर में किया गया।










शिविर का शुभारम्भ चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राजकुमार मितल द्वारा हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस सात दिवसीय शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन डॉ0 रीना द्वारा स्वयंसेवकों को योग व सुश्री रीतु द्वारा बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट का प्रशिक्षण दिया गया। सांयकालीन सत्र में स्वदेशी जागरण मंच से श्री अमित बंसल ने लोकल फॉर वोकल पर व्याख्यान दिया। तीसरे दिन आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अलावा उनकी बारीकियों को भी समझाया। सांयकालीन सत्र में अधिवक्ता ज्योति भारद्वाज ने महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ पर रैली का आयोजन किया गया। चौथे दिन चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. कोआर्डिनेटर डॉ0 सुरेश मलिक ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ – साथ अन्य शिक्षेतर गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।








डॉ0 नरेन्द्र सिंह चाहर ने आर्थिक व मानसिक तनाव को दूर करने के उपाय पर प्रकाश डाला। सांयकालीन सत्र में शैली मितल ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्याख्यान देते हुए स्वयंसेवकों को आर्ट एंड क्राफ्ट की ट्रेनिंग दी तथा श्री रणजीत सिंह ने वृक्षारोपण, रक्तदान, नशीली दवाओं के दुरुपयोग आदि विषयों पर व्याख्यान दिया। पांचवे दिन अतिरिक्त उपायुक्त श्री हरीश कुमार, महासचिव श्री सुरेश कुमार गुप्ता व मंहत चरणदास ने नशा मुक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ0 अरुण जांगड़ा ने स्वयंसेवको को मानसिक तनाव दूर करने के उपाय पर व्याख्यान दिया। छठे दिन इण्डियन ओवरसिज बैंक के अधिकारी श्री रोहित व जयपाल यादव ने स्वयंसेवको को बैंको के माध्यम से क्रियान्वित केन्द्र व प्रदेश सरकार की अनेक योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए ' मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के तहत वोट डालने की शपथ दिलाई। सांयकालीन सत्र में डॉ0 पवन गुप्ता ने सुजोक थेरेपी एवं स्टार्ट अप विषय पर व्याख्यान दिया। स्वयंसेवको द्वारा स्लम बस्तियों में जाकर गरीब परिवारों के बच्चों को वस्त्र वितरित किए। विशेष शिविर के समापन में बतौर मुख्य अतिथि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान श्री शिवरतन गुप्ता ने स्वयंसेवको को स्टार्ट अप अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। समारोह अध्यक्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन श्री वी. पी. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा वर्ग को सेवा करने का जज्बा पैदा करता है। शिविर के सभी स्वयंसेवको को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।





1 मार्च 2024 को नेहरू युवा केन्द्र द्वारा राजीव गांधी कॉलेज में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में स्वंयसेविका छवि एवं संस्कृति ने भाग लिया ।

**19 मार्च 2024**

स्व० श्री सत्यनारायण गुप्ता की स्मृति में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 325 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा सड़क सुरक्षा नियम के पालन हेतु 350 हेलमेट वितरित किए गए ।



**22 मार्च 2024**

''मेरी माटी मेरा देश' विषय पर उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से अनुमोदित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में लगभग 240 प्रतिभागियों ने एवं 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ''मेरी माटी मेरा देश'' विषय पर सम्पादित पुस्तक का विमोचन किया गया ।




**24 मार्च 2024**

मतदान संकल्प एवं ''पास्को एक्ट 2012'' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।



**12 अप्रैल 2024**

"मतदान के महत्व" विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया






**20 अप्रैल 2024**

नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत स्लोग्न एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




**12 मई 2024**

नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पी पी टी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।




**06 जून 2024**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा फन एंड फ्रोलिक उत्सव का आयोजन किया गया ।





**12 जून से 21 जून 2024**

लाहौल स्पीति, मनाली, धर्मशाला में स्वयंसेवक अमनदीप, रामजीत, अजनबी एवं रूपेश ने 10 दिवसीय एडवेंचर शिविर में भाग लिया ।



सत्र 2023-24 में अनेक स्वंयसेवकों ने राष्ट्रीय एकता एवं साहसिक शिविरों में भाग लिया ।

# सर्वोत्कृष्ट स्वयंसेवक 2023–24




छवि




हिमांशु



निश्छल



अमन



संस्कृति



अश्वनी




ओम प्रकाश



ललिता



अजनबी



रुपेश



विकास



हितेश